नगर आयुक्त ने जन सुविधा केन्द्र के सदस्यों के साथ की वर्चुअल मीटिंग

अफवान खाँ (ऑडिशन टाइम्स)

शाहजहाँपुर नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने जून के माध्यम से जन सुविधा केन्द्र के लोगो के साथ वर्चुअल पर मीटिंग की। वचुअल मीटिंग में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा कोविड-19 के संकमण को ध्यान में रखते हुये नगर में बने सभी जनसेवा केन्द्र के लोगो को निर्देशित किया गया कि जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से दिव्यांग व्यक्तियों, श्रमिकों व नगरवासियों के कोविड-19 की वैक्सीनेशन के ऑनलाइन पंजीकरण कराने हेतु जन सुविधा केन्द्रो द्वारा रजिस्ट्रेशन किया जाये व नगरीय स्तर पर व्यापक प्रचार किया जाये, जिससे कोविड-19 के संकमण से बचाव हेतु सभी के समय से कोविड-19 वैक्सीनेशन लगवाई जा सके। वर्चुअल मीटिंग में डॉ गुंजन द्वारा अपने मोबाइल से पंजीकरण कराने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया कि स्वय ऑनलाइन पंजीकरण करने के लिय अपने मोबाइल से गूगल कोम में जाकर covid.gov.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं अथवा आरोग्य सेतु ऐप के माध्यम से भी रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन के पश्चात समयाविभि व सेन्टर की भी बुकिंग करनी होती है जिसके लिये मोबाइल पर एक ओ0टी0पी0 आत्ता है। रजिस्ट्रेशन के लिये अपना नाम, मता, मोबाइल नम्बर, लिंग व आई0डी कार्ड जिसमें आधार कार्ड/ पैन कार्ड/इत्यादि की डिटल देनी होती है। रजिस्ट्रेशन के पश्चात वैक्सीनेशन का समय व दिन तथा केंद्र का मैसेज आ जाता है, अतः उस निर्धारित तिथि पर वैक्सीनेशन कराना अनिवार्य है अथवा 02 सप्ताह बाद ही वैक्सीन लग पायेगी। मीटिंग में सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट विशाल कुमार, डॉ गुंजन, डॉ लक्ष्मण, डॉ हुदा जेहरा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मवन कुमार, जिला कार्यकम प्रबन्धक सैफ सिद्दकी उपस्थित रहे।